NDTV राजस्थान

## चांदपोल बाजार में 884 लीटर नकली घी सीज शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत

## कार्यवाही



**Jaipur News:** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉक्टर टी शुभमंगला के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आज सी एम एच ओ जयपुर प्रथम की फूड सेफ्टी टीम ने चांदपोल बाज़ार स्थित अग्रवाल रोड लाइंस पर कार्यवाही कर 884 लीटर नकली घी सरस, कृष्णा, लोटस, गोरस ब्रांड सीज किया.

सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने कहा कि इस फर्म का निरीक्षण करने पर ज्ञात हुआ कि पैकिंग पर संदेह होने पर समस्त स्टॉक चैक करने पर सरस, लोटस,कृष्णा,गोरस के प्रतिनिधियों को मौके पर बुलाया गया. जिसमे सरस, कृष्णा, लोटस और गौरस घी के प्रतिनिधियो ने मौके पर उपस्थित हुए और अपने घी उत्पादों को मौके पर नकली होना बताया.

मिलावट के संदेह में 884 लीटर घी सीज किया

टीम ने मौके से उक्त सभी घी कंपनियों के कुल 6 नमूने घी के  लिए और मिलावट के संदेह में 884 लीटर घी सीज किया. ज्ञात हुआ कि यह घी नावा, कुचामन, परबतसर, मकराना और अन्य स्थानों पर बिकवाली के लिए जाता था.

सख्त अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

नमूनों की लैब रिपोर्ट प्राप्त होने पर तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार सख्त अग्रिम कार्रवाई की जाएगी. टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, पवन गुप्ता एवं विशाल मित्तल शामिल रहे. मौके पर अग्रवाल रोड लाइंस के मालिक अरुण कुमार जैन ने उक्त माल कहां से किस पार्टी द्वारा आगे भिजवाया जाना है की जानकारी नहीं होने बाबत अवगत करवाया. मौके पर अग्रवाल रोड लाइन के पास खाद्य अनुज्ञा पत्र भी नहीं होना पाया गया.

Source: https://rajasthan.ndtv.in/rajasthan-news/884-litres-of-fake-ghee-seized-in-chandpol-market-action-taken-under-the-campaign-against-adulteration-of-pure-food-9330156